# 2024

## ( Ability Enhancement Course )

Paper : AEC0100702

## ( हिन्दी काव्यधारा )

*Full Marks* : 30

*Time* : 1½ hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×5=5

(क) एक रासो काव्य का नाम लिखिए।

(ख) भक्तिकाल के प्रमुख रामभक्त कवि कौन हैं?

(ग) "सीस मुकुट कटि काछनी" यह किसके लिए कहा गया है?

(घ) भारतेन्दु के अनुसार सब उन्नति का मूल क्या है?

(ङ) कवि निराला ने पत्थर तोड़ती हुई औरत को कहाँ देखा था?

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 2×5=10

(क) "खने खने नयन कोन अनुसरई। खने खने बसन धूलि तनु भरई।" —आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) सतगुरु की महिमा कैसी है?

(ग) "ऊधौ हरि गुन हम चकडोर।" ऐसा क्यों कहा गया है?

(घ) मीराँ से पत्र क्यों नहीं लिखा जाता? स्पष्ट कीजिए।

(ङ) बिहारी ने नर और पानी के नल की गति को एक क्यों कहा है?

(च) सीता को अपनी कुटिया में राजभवन का आभास क्यों होता है?

(छ) पुष्प की क्या अभिलाषा है?

(ज) अशोक क्यों चिंतित हैं?

(झ) "मधुर-मधुर मेरे दीपक जल" यहाँ 'दीपक' शब्द का अर्थ क्या है? स्पष्ट कीजिए।

(ञ) टूटा हुआ पहिया किसका प्रतीक है?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) पठित कविताओं के आधार पर सूरदास की गोपियों के विरह-वर्णन पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ख) 'मागी नाव न केवटु आना।' राम के कहने पर भी केवट ने नाव लाने से अस्वीकार क्यों किया था? स्पष्ट कीजिए।

(ग) घनानंद के आराध्य की विशेषताओं पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।



(घ) 'चित्रकूट में सीता' कविता के आधार पर प्रकृति का चित्रण कीजिए।

(ङ) "मैंने धूप से कहा : मुझे थोड़ी गरमाई दोगी उधार?" कवि ने ऐसा क्यों कहा है?

(च) 'कुत्ता' कविता का सारांश लिखिए।

★★★